No. of Printed Pages : 6 **ECO-14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

# (BDP) (B. COM.)

## Term-End Examination

## June, 2023

### ECO-14 : ACCOUNTANCY–II

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

***Note** : Attempt **four** questions in all. Question No. **1** is compulsory.*

1. Write short notes on the following : 5, 5, 4

   (i) Difference between redeemable and non-redeemable debentures

   (ii) Accounting treatment of provision for taxation

   (iii) Accounting treatment for goodwill at the time of admission of a new partner

2. How many types of branches are there ? Discuss the stock and debtor method of maintaining branch accounts. 4, 8

3. Why a retiring or deceased partner is entitled to a share of goodwill of the firm ? How would you calculate the amount payable to the representative of a deceased partner ? 6, 6

4. On 1st January, 2019 X purchased from Y machine valued at ₹ 89,220 payment to be made by four half yearly instalments of ₹ 24,000, interest being charged at 3% per half year. X paid the 1st instalment on 1st July, 2019 but failed to pay the next. By virtue of a clause in the agreement, Y seized the machine on 2nd January, 2020. On 3rd January, 2020 after negotiations, X was allowed to retain the machine of which the original cash price was ₹ 40,000 and he was to bear the loss on the reminder, which was sold on that date for ₹ 44,000, Y waiving the interest accruing after 31st December, 2019. Another agreement was entered into for payment of the balance. Show necessary ledger accounts in the books of X from 1st January, 2019 to 3rd January, 2020 after charging depreciation at 6% per annum half yearly on reducing balance method. 12

5. X Ltd. issued for public subscription 40000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share payable as under : On application ₹ 4 per share, on allotment ₹ 5 per share (including premium) and on calls ₹ 3 per share. Applications were received for 60000 shares. Allotment was made pro-rata to the applicants for 48000 shares, the remaining applications being refused. Money overpaid on applications was utilized towards sums due on allotment. Manoj, to whom 1500 shares were allotted failed to pay the allotment and calls money and Hussain to whom 2000 shares were allotted failed to pay the calls money. These shares were subsequently forfeited. All the forfeited shares were sold to Banerjee at ₹ 8 per share being fully paid. Show the journal entries to record the above transactions and prepare the Balance Sheet. 12

6. "Return on Investment (ROI) is considered to be the master ratio which reflects the overall performance of the firm." Explain. 12

# ECO-14

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम ( बी. डी. पी. )

## ( बी. कॉम. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2023

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि—II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

---

**नोट :** *कुल* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।*

---

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5, 5, 4

   (i) शोध्य एवं अशोध्य ऋणपत्रों में अन्तर

   (ii) कर के प्रावधान का लेखांकन उपचार

   (iii) नए साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति का लेखांकन उपचार

2. शाखाएँ कितने प्रकार की होती हैं ? शाखा के खाते रखने की स्टॉक एवं देनदार प्रणाली की विवेचना कीजिए। 4, 8

3. अवकाश ग्रहण करने वाले अथवा मृतक साझेदार को ख्याति में हिस्सा पाने का अधिकार क्यों होता है ? साझेदार की मृत्यु होने पर उसके प्रतिनिधि को चुकाई जाने वाली राशि की गणना किस प्रकार की जायेगी ? 6, 6

4. 1 जनवरी, 2019 को एक्स ने वाई से ₹ 89,220 की मशीन खरीदी जिसका भुगतान ₹ 24,000 की चार छमाही किश्तों में होना है। ब्याज 3% अर्द्धवार्षिक लगाया जाता है। एक्स ने प्रथम किश्त 1 जुलाई, 2019 को दी लेकिन वह दूसरी किश्त देने में असमर्थ रहा। एग्रीमेंट की एक शर्त के अनुसार वाई ने 2 जनवरी, 2020 को मशीन जब्त कर ली। समझौते के उपरान्त 3 जनवरी, 2020 को एक्स को उस मशीन को रखने की अनुमति मिल गयी जिसका प्रारम्भिक नकद मूल्य ₹ 40,000 था तथा शेष की हानि को उसे सहन करना था। मशीन को उसी दिन ₹ 44,000 में बेच दिया गया। 31 दिसम्बर, 2019 के बाद लगने वाले ब्याज को वाई ने छोड़ दिया। शेष राशि के भुगतान के लिए दूसरा एग्रीमेंट हुआ। एक्स की पुस्तकों में 6% वार्षिक की दर से घटती शेष पद्धति पर ह्रास लगाते हुए 1 जनवरी, 2019 से 3 जनवरी, 2020 तक के आवश्यक खाते बनाइए। 12

5. एक्स लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 40000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किया। राशि इस प्रकार देय है : आवेदन पर ₹ 4 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) व याचना पर ₹ 3 प्रति अंश। 60000 अंशों के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। 48000 अंशों के आवेदकों में आनुपातिक रूप से आबंटन किया गया, शेष आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिए गए और उनकी राशि लौटा दी गयी। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य को आबंटन पर देय राशियों के भुगतान के लिए पयोग किया गया। मनोज, जिसको 1500 अंश आवंटित किए गए थे, आबंटन एवं याचना की राशि का भुगतान नहीं कर सका। हुसैन, जिसे 2000 अंश आबंटित किये गये थे, याचना का भुगतान नहीं कर सका। सभी अंशों का हरण कर लिया गया एवं ₹ 8 प्रति अंश की दर से पूर्णदत्त के रूप में बैनर्जी को बेच दिये गए। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा बैलेंस शीट तैयार कीजिए। 12

6. "निवेश पर आय प्रमुख अनुपात मानी जाती है जो फर्म के कुल निष्पादन को प्रतिबिम्बित करती है।" स्पष्ट कीजिए। 12